# न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

## अनुमति वाद संख्या–108/2024

**U/S 46(1-b) of CNT Act**

**मंगरा मांझी**

**बनाम्**

**देवसागर भुईयां**

**–: आदेश :–**

आवेदक मंगरा मांझी, पिता–स्व0 कैल मांझी उर्फ जोजा दुसाध, ग्राम–चितरपुर, पो0–भैसादोन, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–46(1) (बी) के तहत् क्रेता देवसागर भुईयां पिता–जलसु भुईयां, ग्राम–भैसादोन, हेमपुर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार के साथ उचित बाजार मूल्य पर क्रय–विक्रय के लिए आपसी सहमति व्यक्त करते हुए मौजा–चितरपुर अंचल–बालूमाथ के खाता–33 प्लॉट संख्या–447 रकबा–0.32½ ए0 एवं प्लॉट संख्या–440, रकबा–0.09 ए0 कुल रकबा–0.41½ एकड़ भूमि की बिक्री की अनुमति प्रदान के लिए दाखिल आवेदन पर कार्यवाही प्रारम्भ किया गया। आवेदक के आवेदन पर अंचल अधिकारी, बालूमाथ से भूमि का जांच प्रतिवेदन की मांग की गयी।

अंचल अधिकारी, बालूमाथ द्वारा पत्रांक–1447 दिनांक 12.12.2024 से भूमि का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसमें वर्णित किया गया है कि आवेदक द्वारा मौजा–चितरपुर के खाता–33 प्लॉट संख्या–447 रकबा–0.32½ ए0, प्लॉट संख्या–440, रकबा–0.09 ए0, कुल रकबा– 0.41½ एकड़ भूमि की बिक्री के लिए आवेदन दाखिल किया गया है। मांग पंजी0–II में आवेदक के नाम पर खाता–33 प्लॉट संख्या–447 रकबा–0.32½ ए0, प्लॉट संख्या–440, रकबा–0.01½ ए0 भूमि का जमाबंदी चलता है। आवेदक द्वारा मांग पंजी–II में कायम जमाबंदी से अधिक भूमि

की बिक्री के लिए अनुमति का आवेदन दाखिल किया गया है, जिसके कारण आवेदक को भूमि बिक्री की अनुमति नहीं दिया जा सकता है।

अतः अंचल अधिकारी, बालूमाथ से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आलोक में आवेदक मंगरा मांझी, पिता–स्व0 कैल मांझी उर्फ जोजा दुसाध, ग्राम–चितरपुर, पो0–भैसादोन, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार द्वारा देवसागर भुईयां पिता–जलसु भुईयां, ग्राम–भैसादोन, हेमपुर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार के साथ मौजा–चितरपुर के खाता–33 प्लॉट संख्या–447 रकबा–0.32½ ए0 एवं प्लॉट संख्या–440, रकबा–0.09 ए0 कुल रकबा– 0.41½ एकड़ भूमि बिक्री के लिए दाखिल अनुमति आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

आदेश की प्रति उभय पक्ष को भेजे तथा अभिलेख को जिला अभिलेखागार में जमा करें।

लिखाया एवं शुद्ध किया।

ह॰/-

उपायुक्त, लातेहार।

ह॰/-

उपायुक्त, लातेहार।

Digitally signed by UTKARSH GUPTA
Date: 2025.05.14 14:40:55 +05:30
Location: 192.168.137.1